दैनिक
न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, सोमवार 17 अप्रैल 2023
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रक-हाइवा में भिड़ंत : सड़क पर फैली प्याज की बोरियां, दोनो वाहनों के चालक घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे खरोरा के पास मुख्य मार्ग पर मिट्टी से भरे ट्रक और प्याज से भरी हाइवा में भीषण टक्कर हो गई। इस टक्कर में दोनों वाहन चालक घायल हो गए। मिट्टी और प्याज सडक़ पर बिखर गए। इसके बाद आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल चालकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा हैं। फ़िलहाल पुलिस दोनों वाहनों को मुख्यमार्ग से हटवाने में जुट गई है।

### मारपीट कर आगजनी करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**कोंडागांव (आरएनएस)।** प्रार्थी धरमूराम नेताम ने थाना माकड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 अप्रेल के दोपहर 02 बजे आरोपी किशन नेताम पिता धरमूराम नेताम निवासी ओटेण्डा द्वारा प्रार्थी एवं उसकी पत्नी को गाली गलौज कर, धक्का-मुक्की कर जान से मारने की धमकी देकर मारने के लिए डण्डा लेकर दौड़ाया और बाद में मकान में आग लगाया एवं घर में रखे कपड़े, राशन सामान तथा अन्य सामान को जला देने के के रिपोर्ट पर थाना माकडी मे अपराध क्रं.18/2023 धारा 294,323,506,436 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर आरोपी के गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर घटना स्थल ओटेण्डा जाकर आरोपी किशन नेताम पिता धरमूराम नेताम, उम्र 27 वर्ष जाति गोंड निवासी ओटेण्डा को ग्राम ओटेण्डा से गिरफ्तार कर कार्यवाही उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल कर दिया गया।

### पत्नी की हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के भांसी थाना क्षेत्र अंर्तगत भांसी निवासी मुरली नायक ने धारदार हथियार और पत्थर से कुचल कर अपनी पत्नी रामबती की हत्या कर दी। रामबती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दो दिन पहले मुरली नायक को गिरफ्तार कर लिया था। जब उसे मेडिकल के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, इस दौरान वह वहां से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही। भांसी पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी युवक भांसी के जंगलों में छिपा हुआ है। जिसके बाद भांसी पुलिस के जवान मौके के लिए रवाना किया गया, आरोपी को जंगल से घेराबंदी कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक से जब पूछताछ की तो उसने चरित्र शंका में पत्नी की हत्या करन स्वीकार कर लिया है।

### तावरबाबाहरा के करीब मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन लोग घायल

**गरियाबंद (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय से चार किलोमीटर दूर तावरबाबाहरा के करीब एक मोटरसाइकिल में तीन लोग सवार थे उनका दुर्घटना हो जाने से तीनो को चोट लगी जिन्हें संजीवनी 108 के माध्यम से जिला अस्पताल लाया गया।घटना के विषय मे मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रूवाड निवासी तीन लोग एक मोटरसाइकिल में शाम 5 से 6 बजे के बीच वापस अपने ग्राम रूवाड जा रहे थे ,उसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और वे तीनों खेत किनारे लगे तार घेरे में जा घुसे इस घटना में तीनों को चोट लगी जिसमे एक ब्यक्ति को गम्भीर चोट आई।वही राहगीरों के द्वारा घटना की जानकारी संजीवनी 108 को दिए ,तब संजीवनी के माध्यम से तीनों घायलों को गरियाबंद जिला अस्पताल लाया गया और उपचार किया गया।खबर लिखे जाने तक घटना की रिपोर्ट नही किया गया था।

### घर में घुसकर तेंदुआ ने किया बछड़े का किया शिकार

**गरियाबंद (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम घुटकुनवापारा में बीते रात को तेंदुआ के द्वारा घर मे घुसकर बाड़ी में बंधे के बछड़े को शिकार किए जाने से लोगो के बीच दहशत का माहौल ब्याप्त है।ज्ञात हो कि ग्राम घुटकुनवापारा जो चारो ओर से पहाड़ और जंगल से घिरा हुआ ग्राम है ,उस ग्राम के नजदीक आए दिन तेंदुआ आ जाता है साथ ही ग्राम से लगे चितवा डोंगरी में एक तेंदुआ और दो शावक माड़ बनाकर पिछले कई दिनों से ग्रामीणों के द्वारा देखा गया है।इसी बीच रविवार के सुबह पांच बजे मवेशी के मालिक भुवन सिन्हा सोकर उठा और बाड़ी में देखा जहाँ उसके मवेशी बछडा के गले मे घात लगाकर मारा गया था वही नजदीक गीले जमीन में तेंदुआ के पैर का निशान देखा गया जिससे तेंदुए के द्वारा मवेशी का शिकार होने की जानकारी वन विभाग को किया गया।वही ग्राम के अंदर तेंदुआ के घुसने की दर से लोग डरे हुए है।

# पीएससी, व्यापम की निशुल्क कोचिंग के लिए नटवर स्कूल में मॉक टेस्ट का हुआ आयोजन

**❒ मॉडल आंसर हुआ जारी, 23 अप्रैल को भी होगा मॉक टेस्ट**

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा आज जिले के मेधावी प्रतियोगी छात्र-छात्राओं के लिए नटवर स्कूल, रायगढ़ में नि:शुल्क कोचिंग के लिए मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें सीजी पीएससी एवं व्यापम परीक्षा के सिलेबस से प्रश्न पूछे गये थे। माक टेस्ट का मॉडल आंसर जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अपलोड की गई है। इस संबंध में किसी भी परीक्षार्थी द्वारा दावा-आपत्ति जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, कलेक्टर कार्यालय परिसर, रायगढ़ में आज कार्यालयीन समय में प्रस्तुत किया जा सकता है।

अगले सप्ताह रविवार दिनांक 23 अप्रैल 2023 को भी मॉक टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि कल हुए मॉक टेस्ट में कुल 170 विद्यार्थी शामिल हुए। 100 नंबर का पेपर था, जिसमें कुल 50 प्रश्न पूछे गये थे। टेस्ट एक घंटे तक चला। मॉक टेस्ट में प्राप्त उच्चतम प्राप्तांकों के आधार पर 100 प्रतियोगी बच्चों का चयन कर उन्हें नि:शुल्क कोचिंग दिया जाएगा। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर सुश्री अक्षा गुप्ता, डीएमसी नरेन्द्र चौधरी, एपीसी भुनेश्वर पटेल एवं भूपेन्द्र पटेल, संस्था प्राचार्य रूबी वर्गीस एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।



ये है मॉडल ऑसर

(1)गरियाबंद, (2)60.24, (3)रिहंद, (4)कवर्धा, (5)जशपुर सामरी पाट, (6) आर्कियन, (7)सरगुजा, (8)एक, (9) छत्तीसगढ़ महासभा, (10)राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, (11)साल वृक्ष, (12) 28 नवंबर (13)4.11’, (14) सूरजपुर, (15) 1, 2 एवं 3 सही है, (16) कोरबा-रायगढ़, (17) सी.ए4, बी3, सी2, डी1, (18) हसदो, (19)सोयाबीन, (20) डी. ए2, बी3, सी4, डी4, (21)10 हजार, (22)9वें, (23) कटघोरा, (24) रेडियो संगवारी, (25)221 रुपए, (26) लोहा, (27)गुप्त युग, (28) चैतन्य, (29) सुमन्त, (30)बीरबल, (31) पुर्तगालियों ने, (32) अरविंद घोष, (33) कैबिनेट मिशन योजना, (34)पिंगली वेंकय्या, (35) एक बार, (36)तीन, (37)6 माह, (38)सम्पत्ति का अधिकार, (39) संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्यों तथा राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्यों द्वारा, (40) आरक्षण विवाद, (41) भारतीय रिजर्व बैंक, (42) हाइड्रोजन, (43) टार्टरिक अम्ल, (44) प्रकाश वैद्युत प्रभाव के लिए, (45) एनीमोमीटर, (46)अटलांटिक महासागर, (47)1 केबी, (48)सरबजोत सिंह, (49) उपर्युक्त सभी, (50) नई दिल्ली।

## बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी और मॉडिफाई सायलेंसर लगे वाहन पर की गई कार्यवाही



**❒ 149 चालकों का कटा चालान**

**रायगढ़।** वर्चुअल मीटिंग में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा थाना, चौकी प्रभारियों को विजुअल पुलिसिंग के तहत प्रतिदिन अपने स्टाफ को लीड करते हुए कार्यवाही का निर्देश दिया गया है। निर्देशों के पालन में आज शहर के प्रमुख चौंक-चौराहों तथा आऊटर, हाइवे पर थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा अपने स्टाफ के साथ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ताबड़तोड़ कार्यवाही किया गया है। पुलिस टीमें विशेषकर मॉडिफाई सायलेंसर लगे वाहन, मोबाइल का उपयोग करते वाहन चालक, तीन सवारी और बगैर सीट बेल्ट, बिना हेलमेट पर कार्यवाही के लिए अभियान चलाया गया था , रात्रि 20.00 बजे तक 149 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है जिसमें रु.53,800 समन शुल्क की वसूली की गई है जो तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाते पकड़े गये हैं। कार्यवाही दौरान कोतवाली टीआई शनिप रात्रे द्वारा मॉडिफाई लगे साइलेंसर वाहन के चालक को समझाइश देकर उसके साइलेंसर निकलवाया गया है। वही शहर के आउटर पहाड़ मंदिर मार्ग पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर व स्टाफ द्वारा बिना सीट बेल्ट के कार चलाने वालों पर चलानी कार्यवाही कर समझाइश दी गई है।

# अवैध गांजा की बिक्री के फिराक में घूम रहा युवक गिरफ्तार

**❒ आरोपी पर लैलूंगा पुलिस की एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही**



**रायगढ़।** थाना प्रभारी लैलूंगा उप निरीक्षक रमाशंकर तिवारी के नेतृत्व में कल रात लैलूंगा पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर चवंरपुर से सिहारधार की ओर जाने वाले मार्ग पर ग्राम सिहारधार के रोहित सिदार पिता घनश्याम सिदार (उम्र 20 साल) को 01 किलो गांजा कीमत करीब 12,000 रूपये के साथ पकड़ा गया है। थाना प्रभारी लैलूंगा को मुखबिर ने चवंरपुर -सिहारधार जंगल रास्ते में एक युवक द्वारा अवैध बिक्री के लिये गांजा रखे होने की सूचना दिया गया था। नशीली मादक पदार्थ गांजा की अफरा-तफरी हो जाने की संभावना पर तत्काल पुलिस टीम जाकर रेड कार्यवाही किया गया। मुखबिर सूचना पुख्ता पायी गई आरोपी रोहित सिदार के कब्जे में रखे एक प्लास्टिक बोरी को तलाशी पर बोरी के अंदर 01 पैकेट में लिपटा हुआ करीब 01 किलो गांजा रखा मिला। आरोपी रोहित सिदार पर थाना लैलूंगा में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। गांजा रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी लैलूंगा उप निरीक्षक रमाशंकर तिवारी, सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम, प्रधान आरक्षक जयशरण चंद्रा, आरक्षक हेलारियुस तिर्की, राजू तिग्गा शामिल थे।

# चक्रधरनगर थाना प्रभारी ने ली ग्राम कोटवारों की मीटिंग : 41 गांव के कोटवार हुए शामिल

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों की वर्चुअल क्राइम मीटिंग लिया गया था जिसमें उन्होंने थाना प्रभारियों को कोटवारों को निरंतर थाने में उपस्थिति देने तथा कोटवारों से गांव की प्रत्येक गतिविधियों की जानकारी लेने निर्देशित किया गया था, निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 16.04.2023 को थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर द्वारा थानाक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्रामों में सूचना देकर ग्राम कोटवारों के साथ थाने में बैठक आहूत किया गया। बैठक में 41 ग्राम के कोटवार सम्मिलित हुए, कुछ कोटवार व्यक्तिगत कारणों से जिले से बाहर होने से मीटिंग में उपस्थित नहीं हो पाये।



थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित आये कोटवारों को मीटिंग लेने का प्रयोजन बताते हुये, उन्हें निरंतर थाना में उपस्थिति के लिये बताया गया। टीआई प्रशांत राव अहेर के द्वारा कोटवारों से कहा गया कि पुलिस और ग्राम कोटवार तथा गांव के प्रमुख व्यक्ति के बीच आपसी संबंध अच्छे हो तो गांव के कई छोटी-बड़ी समस्याओं का सामाधान किया जा सकता है, वरिष्ठ कार्यालयों तक गांव की समस्या पहुंचाई जा सकती है। थाना प्रभारी द्वारा कोटवारों को उनके बीट पुलिसकर्मी और थाने से निरंतर संपर्क में रहने बताया गया तथा पुलिस-कोटवार ह्वाट्सएप ग्रुप में भी कोई भी आवश्यक जानकारी हो तो शेयर करने प्रेरित किये। थाना प्रभारी ने गांव में चोरी, मारपीट, दुर्घटना, या अन्य किसी भी प्रकार के अपराधों की तुरंत से तुरंत सूचना देना व पुलिस के साथ ग्रामों की सुरक्षा व्यवस्था में मदद करने कहा गया। साथ ही उन्हें गांव में बाहर से आने वाले मुसाफिरों, घूमन्तु प्रकृति के लोगों का डिटेल रखने हेतु कहा गया। इस बैठक से ग्राम कोटवारों में अपने काम के प्रति नया उत्साह देखने को मिला।

# बस्तर कोसा उत्पादों के बेहतर प्रचार-प्रसार के साथ-साथ देश की राजधानी दिल्ली सहित बड़े शहरों में खुलेंगे आउटलेट : केन्द्रीय सचिव

**❒ केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय के सचिव अनिल कुमार झा ने बस्तर में संचालित कार्यों का किया निरीक्षण**




**रायपुर (आरएनएस)।** केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय के सचिव अनिल कुमार झा ने दो दिवसीय बस्तर जिले के प्रवास के दौरान जिले में संचालित कार्यों का निरीक्षण किया । उन्होंने बस्तर कोसा के उत्पाद का बेहतर प्रचार-प्रसार के साथ-साथ देश की राजधानी दिल्ली सहित अन्य बड़े शहरों में आउटलेट खोलने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आयुक्त आदिवासी शम्मी आबिदी ने बताया कि उत्पाद की बिक्री हेतु अमेजन, फ्लिपकार्ट से चर्चा की गई है।

केंद्रीय सचिव झा ने शुक्रवार को एकलव्य विद्यालय, रेशम धागा प्रसंस्करण केंद्र, कोसा विक्रय केंद्र आदिशिल्प, आसना स्थित बादल एकेडमी, बाबूसेमरा स्थित ट्रायफूड पार्क, कचरा प्रबंधन केंद्र और बकावंड स्थित काजू प्रसंस्करण केंद्र और शनिवार को तुरेनार के रीपा सेंटर की गतिविधियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर सचिव अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण डीडी सिंह, आयुक्त शम्मी आबिदी, कमिश्नर बस्तर श्याम धावड़े, कलेक्टर चन्दन कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रकाश सर्वे सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

केन्द्रीय सचिव झा ने निरीक्षण के दौरान एकलव्य विद्यालय की व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसे केन्द्रीय सचिव व अन्य अधिकारियों ने सराहा। सचिव झा ने बादल एकेडमी में जनजाति संस्कृति के वाद्य यंत्रों, भाषा-बोली के संरक्षण और बढ़ावा देने के लिए किए जा रहें लेखनी कार्य की सराहना की। उन्होंने बकावंड काजू प्रसंस्करण के द्वारा महिला समूहों को आर्थिक लाभ देने की सराहना करते हुए, काजू प्रसंस्करण और अंतिम उत्पाद बनने की सभी चरण का अवलोकन किया। केन्द्रीय सचिव ने ट्रायफूड पार्क के निर्माण के शेष बचे कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। सचिव झा ने शनिवार को दरभा के पर्यटन स्थल, तुरेनार के रीपा सेंटर में संचालित आर्थिक गतिविधियों का अवलोकन कर जिले में किए जा रहे नवाचारों की सराहना की।

# मौसम का फि र बदला मिजाज, प्रदेश के कुछ जगहों पर हल्की बारिश के साथ वज्रपात के आसार

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के बीच एक बार फिर से मौसम ने करवट बदली है. शनिवार सुबह से ही रायपुर समेत अन्य जिलों में बादल छाए हुए हैं. अचानक बदले मौसम से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा. मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ हिस्सों में अंधड़ के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है।



प्रदेश में शुक्रवार को अधिकतम तापमान बलौदाबाजार का 43.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, वहीं रायपुर का अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. जबकि रायपुर का न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

मौसम विभाग के मुताबिक, एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति उत्तर छत्तीसगढ़ से केरल तक विस्तारित है. प्रदेश में कल दिनांक 15 अप्रैल को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है. प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है. प्रदेश में अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, किंतु वृद्धि का क्रम लगातार जारी रहने की संभावना है।

# जीरो पावर कट और बिजली बिल हाफ योजना से आम लोगों को मिली बड़ी राहत : मुख्यमंत्री

**❒ पावर कम्पनीज के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए कैश लेस चिकित्सा सुविधा जल्द होगी लागू**

**❒ अभियंता संवर्ग को मिलेगा 3 प्रतिशत तकनीकी भत्ता**

**❒ पॉवर इंजीनियर्स कॉन्क्लेव में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ जीरो पॉवर कट प्रदेश है और बिजली बिल हाफ योजना से लोगों को बड़ी राहत मिली है। हमारी सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना के माध्यम से अब तक 42 लाख उपभोक्ताओं को 3236 करोड़ रूपए की छूट दी गई है। वर्ष 2018 में जहां पीक ऑवर में 4100 मेगावाट विद्युत की खपत थी, वहीं 2023 में यह मांग बढक़र 5100 मेगावाट होने पर भी प्रदेश में लगातार बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चल रही है। यह बातें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय पॉवर इंजीनियर्स कॉन्क्लेव 2023 को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पावर कम्पनीज के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए कैश लेस चिकित्सा सुविधा जल्द लागू करने तथा छत्तीसगढ़ पावर कम्पनीज के अभियंता संवर्ग को 3 प्रतिशत तकनीकी भत्ता दिए जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ के कार्यालय का वर्चुअल लोकार्पण तथा पॉवर सेक्टर की महत्वपूर्ण जानकारियों पर आधारित स्मारिका का विमोचन भी किया। कॉनक्लेव के प्रारंभ में मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ महतारी और भारत रत्न एम. विश्वेश्वैरया के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर उन्हें नमन किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने कॉनक्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि पहले लोग बिना बिजली के भी जीवन यापन कर लेते थे, किंतु अब बिना बिजली के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। बिजली विलासिता का साधन नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य स्थापना के समय 300 यूनिट प्रति व्यक्ति बिजली की खपत थी, जो अब बढक़र 2000 यूनिट प्रति व्यक्ति हो चुका है। लगातार बढ़ती हुई विद्युत खपत और उसी के अनुरूप आपूर्ति राज्य के विकास का सूचक है।




उन्होंने शासन के महत्वपूर्ण निर्णय का जिक्र करते हुए कहा कि कोरबा में 1320 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल यूनिट की स्वीकृति दी गई है। जो प्रदेश को जीरो पावर कट स्टेट बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत ग्रीन एनर्जी को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया और कहा कि कोरोना की दूसरी लहर में हम सभी ने ऑक्सीजन के महत्व को भी समझा है। छत्तीसगढ़ में ग्रीन एनर्जी की संभावनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में 5 हाईड्रल प्लांट लगाए जा सकते हैं, जिससे विद्युत उत्पादन के लिए थर्मल पावर प्लांट पर निर्भरता कम की जा सकती है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विद्युत मण्डल अभियंता संघ को सर्वसुविधायुक्त कार्यालय मिलने पर बधाई दी। विद्युत मण्डल अभियंता संघ ने मुख्यमंत्री को इस अवसर पर स्मृति चिन्ह और शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कॉन्क्लेव को ऊर्जा विभाग के सचिव और छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष अंकित आनंद, राज्य विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने भी सम्बोधित किया। छत्तीसगढ़ विद्युत मण्डल अभियंता संघ के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने स्वागत भाषण का वाचन किया।

इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की प्रबंध निदेशक उज्ज्वला बघेल, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज खरे, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजीव कटियार सहित अभियंता संघ के पदाधिकारीगण और प्रदेश भर से आये विद्युत अभियंता उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480